हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 26 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में कहा कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नैन ऊँचाइयाँ छू रहा है।

कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को याद करते हुए श्री मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देशवासियों से अपील की कि वे एक सुरक्षित , सक्षम और आतमनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी तकनीकी क्षमता में लगातार वृद्धि कर रहा है। श्री मोदी ने हाल ही में नौसेना में शामिल किए गए युद्धपोत महेंद्र गिरी और कुश मिसाइल की चर्चा की।

श्री मोदी ने इन सफलताओं को भारतीय वैज्ञानिकों और इंजिनीरियों की साझा उपलब्धि बताया। उन्होंने भारत के रक्षा उपकरण और तकनीक के प्रति वैश्विक समुदाय में बढ़ते विश्वास पर संतोष व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले रविवार को विक्रम-1 के सफल प्रक्षेपण ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है।

श्री मोदी ने कहा कि देशभऱ में 7 अगस्त को 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' मनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से हथकरघा शिल्प को प्रोत्साहित करके बुनकरों का सम्मान करने और 'लोकल फॉर वोकल' की भावना को और मजबूत करने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने कहा कि देश में जिस तरह से हथकरघा उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है, उससे बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में सुधार हो रहा है।
प्रधानमंत्री ने मन की बात में खादी का उल्लेख भी किया। उन्होंने लोग से आगामी त्योहारी मौसम में खादी खरीदने का आग्रह किया।

श्री मोदी ने गणेश उत्सव के दौरान सभी से पीओपी से बनी मूर्तियों के बजाय मिट्टी से बनी भगवान गणेश की मूर्तियों की पूजा करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लोगों ने उन्हें संदेश भेजकर स्थानीय मिट्टी से बनी भगवान गणेश की मूर्तियां स्थापित करने की इच्छा जाहिर की है।

श्री मोदी ने एक पेड़ मा के नाम अभियान की भी याद दिलाई और श्रोताओं को पर्यावरण और वन संरक्षण के लिए पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया।

**********************************************************************